**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 11 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश की गैर-जीवाष्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गई है। प्रधानमंत्री भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 के उद्घाटन समारोह को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा -

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। श्री मोदी ने कहा --

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गृह विभाग के अधिकारियों को नए आपराधिक कानूनों को धरातल पर लागू करने के लिए संरचना विकास के साथ-साथ संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं ।मुख्यमंत्री, प्रदेश में 28 फरवरी तक तीन नए आपराधिक कानूनों के शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कल पुलिस, जेल, अभियोजन और फॉरेंसिक विभाग के अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।श्री नायब सिंह ने नए प्रावधानों के अनुसार, पुलिस थानों में तेज गति इंटरनेट व्यवस्था, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरोपियों की पेशी और गवाही, जीरो प्राथमिक सूचना रिपोर्ट की निगरानी सहित सभी व्यवस्थाओं को तीव्र गति से आगे बढ़ाने को कहा , ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही हेतु अदालतों के साथ तालमेल कर व्यवस्था करने और फॉरेन्सिक मोबाइल वैन की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश भी दिए।वर्तमान में प्रदेश में 23 मोबाइल फॉरेन्सिक साइंस यूनिट संचालित हैं, इनकी संख्या बढ़ाकर 40 की जाएगी।

****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि वर्ष 2025-26 का आम बजट हरियाणा के लोगों के विकास का बजट होगा। इस बजट में सभी से लिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल कर प्रदेश के विकास को तीन गुना गति से आगे बढ़ाने का काम किया जायेगा। मुख्यमंत्री कल पंचकूला में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहले 100 दिनों में चुनाव के समय संकल्प पत्र में किए गए 240 वायदों में से 18 को सफलतापूर्वक पूरा किया है, 6 संकल्पों को जल्दी पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 50 संकल्प ऐसे हैं जो वित्त या प्रशासनिक मंजूरी के लिए प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि सभी 240 संकल्पों को भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान प्रदेश सरकार समय रहते पूरा करेगी।

*****************************************************************************

हरियाणा के परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयानबाजी करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के जरिए श्री विज से 3 दिन के अंदर जवाब मांगा गया है।यह नोटिस श्री बड़ौली द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार जारी किया गया है।

*****************************************************************************

राष्ट्र आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपने जीवन का हर पल मां भारती के गौरव को पुनर्स्थापित करने में लगाया।सोशल

मीडिया पर एक पोस्ट में श्री शाह ने पंडित दीनदयाल को भारतीय राजनीति में अंत्योदय के सिद्धांत की स्थापना का श्रेय देते हुए कहा कि उनके विचार और सिद्धांत देशवासियों को हमेशा लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।